भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 703**

29 नवंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुष आरोग्य केंद्र**

703. श्री संजय हरिभाऊ जाधव:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत आयुष आरोग्य केन्द्रों में प्राधिकृत स्थानीय दवा विक्रेताओं को दवाओं की स्थानीय खरीद और चिकित्सा प्रतिपूर्ति सुविधा को प्राधिकृत करने के लिए एक प्रभावी तंत्र की स्थापना की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) ऐसी प्रत्येक पहल/व्यवस्था का लाभ प्राप्त करने वाले सीजीएचएस लाभार्थियों/रोगियों की कुल संख्या कितनी है;

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान विशेषकर सिद्ध इकाइयों में किए गए व्यय का इकाई-वार, औषधालय-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का देश में विशेष रूप से सिद्ध आरोग्य केन्द्र का विस्तार करने और नए केन्द्र खोलने के लिए नए आयुष आरोग्य केन्द्रों की स्थापना करने का प्रस्ताव है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (च): सीजीएचएस के अंतर्गत, आयुष की आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी पद्धतियों के संबंध में, प्राधिकृत स्थानीय दवा विक्रेताओं से दवाओं की स्थानीय खरीद और तदुपरांत चिकित्सा प्रतिपूर्ति सुविधा की अनुमति दी गई है। सिद्ध पद्धति के संबंध में कम मात्रा में व्यवसाय होने के कारण स्थानीय खरीद सुविधा की कोई व्यवस्था नहीं है। इस पद्धति के संबंध में केवल चिकित्सा प्रतिपूर्ति की सुविधा उपलब्ध है। सभी सीजीएचएस लाभार्थियों/रोगियों को ऐसी प्रत्येक चिकित्सा पद्धति के तहत उपर्युक्त सुविधाओं का लाभ उठाने की अनुमति है।

आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथी के संबंध में आयुष के तहत स्थानीय खरीद के लिए इकाईवार व्यय के ब्यौरे क्रमशः संलग्नक-I, संलग्नक-II और संलग्नक-III में दिए गए हैं।

दिनांक 16.04.2019 के आदेश सं.जेड.15025/36/2017/डीआईआर/सीजीएचएस/ईएचएस के अनुसार, सरकार ने पूरे देश में सीजीएचएस में शामिल किए गए विभिन्न शहरों में 27 होम्योपैथिक और 26 आयुर्वेदिक इकाइयों को मंजूरी दी है। तथापि, सीजीएचएस के तहत नई सिद्ध इकाई खोलने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। सरकार, नई आयुष इकाइयां खोलने के लिए पर्याप्त संख्या में लाभार्थियों की मांग पर विचार करती है।

*****

संलग्नक-I

**आयुर्वेदिक इकाइयों के संबंध में स्थानीय खरीद पर व्यय का विवरण**

| क्र.सं. | आयुर्वेदिक इकाई का नाम | व्यय (रूपये में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1. | आयुर्वेदिक अस्पताल, लोधी रोड | 1232863.00 | 4406933.00 | 5439592.00 |
| 2. | आयुर्वेदिक आरोग्य केंद्र, नॉर्थ एवेन्यू | 1381031.00 | 500285.00 | 1845997.00 |
| 3. | आयुर्वेदिक आरोग्य केंद्र, काली बाड़ी | 7992.00 | 16090.00 | 101021.00 |
| 4. | आयुर्वेदिक आरोग्य केंद्र, सादिक नगर | 117443.78 | 5106.00 | 29591.12 |
| 5. | आयुर्वेदिक आरोग्य केंद्र, आर.के.पुरम | 1117971.00 | 568928.00 | 4180639.00 |
| 6. | आयुर्वेदिक आरोग्य केंद्र, जनकपुरी | 657465.01 | 210839.00 | 1034944.00 |
| 7. | आयुर्वेदिक आरोग्य केंद्र, जंगपुरा | 71174.00 | 36081.00 | 47910.00 |
| 8. | आयुर्वेदिक आरोग्य केंद्र, एम.बी. रोड | 266025.70 | 17343.38 | 79790.50 |
| 9. | आयुर्वेदिक आरोग्य केंद्र, लक्ष्मी नगर | 310164.00 | 64129.00 | 169702.00 |
| 10. | आयुर्वेदिक आरोग्य केंद्र, गुडगांव | शून्य | 34426.28 | 433496.42 |
| 11. | आयुर्वेदिक आरोग्य केंद्र, दिल्ली कैंट | 1043106.00 | 130641.00 | 453682.00 |
| 12. | आयुर्वेदिक आरोग्य केंद्र, पश्चिम विहार | 176863.00 | शून्य | 318847.00 |
| 13. | आयुर्वेदिक आरोग्य केंद्र, देव नगर | शून्य | 223369.41 | 1139572.47 |
| 14. | आयुर्वेदिक आरोग्य केंद्र, किंग्सवे कैंप | 297721.00 | 57489.00 | 375806.00 |
| 15. | आयुर्वेदिक आरोग्य केंद्र, डोमलुर, बेंगलुरू | 594906.00 | 1475680.00 | 494029.00 |
| 16. | आयुर्वेदिक आरोग्य केंद्र, बनाशंकरी, बेंगलुरू | 1406051.02 | 1316632.68 | 856427.62 |

संलग्नक-II

**यूनानी इकाइयों के संबंध में स्थानीय खरीद पर व्यय का विवरण**

| क्र.सं. | यूनानी इकाई का नाम | व्यय (रूपये में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1. | लक्ष्मीबाई नगर (दक्षिणी क्षेत्र) | 807470.00 | 177476.00 | 924245.00 |
| 2. | मानसरोवर पार्क शाहदरा (पूर्वी क्षेत्र) | 427187.00 | 271707.00 | 965290.00 |
| 3. | चांदनी चौक (पूर्वी क्षेत्र) | 131245.00 | 59681.00 | 116544.00 |
| 4. | साउथ एवेन्यू (केंद्रीय क्षेत्र) | 45489.00 | 1214011.00 | 1196406.00 |
| 5. | संसद भवन सौध (केंद्रीय क्षेत्र) | शून्य | 37896.00 | 124209.00 |
| 6. | नारायणा विहार (उत्तरी क्षेत्र) | 881869.00 | 370157.00 | 2542221.00 |

संलग्नक-III

**होम्योपैथी इकाइयों के संबंध में स्थानीय खरीद पर व्यय का विवरण**

| क्र.सं. | होम्योपैथी इकाई का नाम | व्यय (रूपये में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1. | कालीबाड़ी (केंद्रीय क्षेत्र) | 225812.00 | 686464.00 | 524552.00 |
| 2. | साउथ एवेन्यू (केंद्रीय क्षेत्र) | 510397.00 | 1077154.00 | 888441.00 |
| 3. | संसदीय सौध (केंद्रीय क्षेत्र) | 61344.00 | 69887.00 | 98559.00 |
| 4. | देव नगर (उत्तरी क्षेत्र) | 142655.00 | 729123.00 | 1188911.00 |
| 5. | हरि नगर (उत्तरी क्षेत्र) | 469147.00 | 600119.00 | 1379004.00 |
| 6. | तिलक नगर (उत्तरी क्षेत्र) | - | 283895.00 | 917899.00 |
| 7. | कस्तूरबा नगर-1 (दक्षिणी क्षेत्र) | - | 119860.00 | 245764.00 |
| 8. | आरकेपी सेक्टर-3 (दक्षिणी क्षेत्र) | - | 162023.00 | 387437.00 |
| 9. | आरकेपी सेक्टर-12 (दक्षिणी क्षेत्र) | - | 79056.00 | 106350.00 |
| 10. | कालकाजी (दक्षिणी क्षेत्र) | - | 181560.00 | 520450.00 |
| 11. | पुष्प विहार (दक्षिणी क्षेत्र) | - | 265947.00 | 211377.00 |
| 12. | गुरूग्राम सेक्टर-5 (दक्षिणी क्षेत्र) | - | 99720.00 | 486718.00 |
| 13. | लक्ष्मी नगर (पूर्वी क्षेत्र) | - | 632324.00 | 2468290.00 |
| 14. | तिमारपुर (पूर्वी क्षेत्र) | - | 699681.00 | 569851.00 |
| 15. | शाहदरा (पूर्वी क्षेत्र) | - | 214184.00 | 724033.00 |